श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 84, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## उत्तर प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 600 रुपये में होगा कोरोना टेस्ट

**कोरोना वायरस जांच करीब 60 प्रतिशत तक सस्ती कर दी गई है**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में नॉन कोविड केयर के मरीजों की कोरोना वायरस की आरटीपीसीआर जांच अब सिर्फ 600 रुपये में होगी। अभी तक उन्हें कोरोना टेस्ट के लिए 1500 रुपये देने पड़ते थे। ऐसे में अब जांच करीब 60 प्रतिशत तक सस्ती कर दी गई है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.रजनीश दुबे ने बताया कि थैलीसीमिया व हीमोफीलिया के मरीजों और उनके तीमारदारों की कोविड-19 जांच निश्शुल्क की जाएगी। वहीं कैंसर के मरीजों और किडनी की डायलिसिस कराने वाले रोगियों सहित अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों व उनके एक तीमारदार की कोरोना जांच अब सिर्फ 300 रुपये में की जाएगी। कोरोना टेस्ट की दरों में कमी करके चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल कॉलेजों में दिखाने व भर्ती होने आ रहे नॉन कोविड केयर के मरीजों को बड़ी राहत दी है। दरअसल इलाज कराने के लिए कोरोना टेस्ट होना जरूरी है। अभी तक उन्हें कोरोना की आरटीपीसीआर जांच के लिए ज्यादा रकम खर्च करनी पड़ती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। कोरोना के 1,979 नए मरीज मिले : उत्तर प्रदेश में गुरुवार को कोरोना के 1,979 नए मरीज मिले। अब तक सामने आए कुल 4.77 लाख कोरोना मरीजों में से 4.46 लाख लोग ठीक हो चुके हैं। रिकवरी रेट बढ़कर 93.33 प्रतिशत हो गया है। बीते 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 25 और लोगों की मौत के साथ ही यह खतरनाक वायरस अब तक 6,983 लोगों की जान ले चुका है।

**अब 24,858 एक्टिव केस :** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि बीते छह हफ्ते से लगातार नए मरीजों के मुकाबले स्वस्थ होने वाले रोगियों की संख्या ज्यादा है। 17 सितंबर को 68,235 एक्टिव केस थे, जो अब घटकर 24,858 रह गए हैं। यानी 63.57 फीसद एक्टिव केस घटे हैं। गुरुवार को प्रदेश में 1.38 लाख लोगों की कोरोना जांच की गई। इसे मिलाकर प्रदेश में अब तक कुल 1.45 करोड़ लोगों का टेस्ट किया जा चुका है, जबकि 4.37 लाख मेडिकल टीमों की मदद से 13.76 करोड़ लोगों की स्क्रीङ्कषनग की जा चुकी है।

## गुजरात के पूर्व सीएम केशुभाई पटेल के निधन पर यूपी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व सीएम योगी आदित्यनाथ दुखी

**पटेल के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो] ।** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री केशुभाई पटेल के निधन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत विभिन्न नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शोक संदेश में कहा कि पटेल के नेतृत्व में गुजरात का जो विकास हुआ, वह अकल्पनीय है। पटेल के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केशुभाई पटेल एक कुशल राजनीतिक होने के साथ शानदार व्यक्तित्व के स्वामी भी थे। सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के तौर पर भी उनको सदैव याद किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय तक समाज सेवा करने वाले केशुभाई पटेल का निधन राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दिवंगत आत्मा के शांति की कामना करते हुए केशुभाई पटेल के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## वायु प्रदुषण रोकने के लिए गठित होगा आयोग राष्ट्रपति ने आध्यादेश को मंजूरी दी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है और दिनों दिन यह और खराब ही हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। वायु प्रदूषण को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश को राष्ट्रपति से मंजूरी मिल गई है। इसके तहत दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदुष्ण से निपटने के लिए 17 सदसिय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग का गठन किया जाएगा।

वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन करने पर 5 साल तक की कैद और 1 करोड़ रुपये तक के जुमार्ना का प्रावधान है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा बनाए गए नियमों में बदलाव करने का अधिकार सिर्फ संसद के पास होगा। आयोग के आदेशों को सिर्फ ठ्ठत्र्ढ्ढ में ही चुनौती दी जा सकेगी। द्रीय पर्यावरण मंत्रालय का संयुक्त सचिव स्तर का अधिकारी भी इसका सदस्य होगा। इस आयोग में एक-एक सदस्य दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से होंगे।

16 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के ही सेवानिवृत्त न्यायाधीश मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय कमेटी के गठन का आदेश दिया था। कमेटी को वायु प्रदूषण कम करने और पराली जलाने पर रोक के लिए उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब की सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों की निगरानी करनी थी। कोर्ट ने दिल्ली और बाकी तीनों राज्यों के मुख्य सचिवों तथा पर्यावरण नियंत्रण प्राधिकरण (ईपीसीए) को लोकुर कमेटी का सहयोग करने का आदेश दिया था।

## सउदी अरब के नोट में गलत मानचित्र पर भारत ने जताया कड़ा ऐतराज




**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** सऊदी अरब के नेशनल बैंक की तरफ से जारी 20 रियाल के नोट में जम्मू और कश्मीर को भारतीय नक्शे में नहीं दिखाए जाने पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है। भारत ने सऊदी अरब से कहा है कि वह इस संदर्भ में जो भी गलती हुई है उसे जल्द से जल्द दूर करे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा है कि, "हमने देखा है कि संबंधित नोट में भारत की सीमाओं का गलत चित्रण किया गया है। हमने नई दिल्ली स्थित सऊदी दूतावास और रियाद स्थित भारतीय दूतावास के जरिए अपनी गंभीर चिंताओं से सऊदी सरकार को अवगत करा दिया है। हमने सऊदी अरब सरकार से कहा है कि वह इस खामी को जल्द से जल्द दूर करे। हम यह बताना चाहते हैं कि जम्मू और कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा है।"

सऊदी अरब की मुद्रा जारी करने वाले प्राधिकरण ने 24 अक्टूबर, 2020 को 20 रियाल का एक नोट जारी किया था। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि अगले महीने सऊदी अरब में आयोजित हो रहे समूह-20 देशों के उपलक्ष्य में इस नोट को जारी किया गया है जिसमें पूरी दुनिया का मानचित्र शामिल किया गया है।

इस मानचित्र को लेकर पाकिस्तान के मीडिया में भी काफी शोर मचा हुआ है क्योंकि इसमें गिलगिट बाल्टिस्तान व गुलाम कश्मीर के हिस्से को पाकिस्तान में नहीं दिखाया गया है। इस तरह से समूचे जम्मू व कश्मीर को एक स्वतंत्र देश के तौर पर दिखाया गया है।

सनद रहे कि पाकिस्तान सरकार ने 05 अगस्त, 2020 को अपना नया नक्शा जारी किया है जिसमें समूचे जम्मू व कश्मीर व लद्दाख के कुछ हिस्से को शामिल किया गया है। बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि नोट के मानचित्र को लेकर ऐतराज के बावजूद भारत व सऊदी अरब के रिश्तों पर कोई विपरीत असर पड़ने की संभावना नहीं है। दोनो पक्ष आपसी समझ बूझ से इसे दूर कर लेंगे।

## बांधों के सुधार व रखरखाव कार्यक्रम को मिली मंजूरी 19 राज्यों के 736 बांध किए गए चयनित

**केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि बांधों की संख्या में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरे नंबर पर है। यहां फिलहाल 5334 बांध हैं जबकि 411 बांध निमार्णाधीन हैं। इनमें 80 फीसद बांध 25 साल और उससे ज्यादा पुराने हैं**



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में बांधों के सुधार और रखरखाव कार्यक्रम के दूसरे व तीसरे चरण को सरकार ने बुधवार को मंजूरी दे दी। इसमें 19 राज्यों के 736 बांधों को चयनित किया गया है, जिनमें सुधार को अगले 10 वर्षो में पूरा कर लिया जाएगा। इस सिलसिले में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के प्रस्ताव पर गुरुवार को कैबिनेट की मुहर लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। इसे पूरा करने में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

इस बारे में लिए गए फैसलों की जानकारी देने पहुंचे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने बताया कि इस कार्यक्रम की लागत का 86 फीसद हिस्सा बांधों के सुधार व रखरखाव पर व्यय किया जाएगा। इस कार्यक्रम पर आने वाली लागत का 80 फीसद हिस्सा विश्व बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से प्राप्त होगा।

शेखावत ने बताया कि बांधों की संख्या में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरे नंबर पर है। यहां फिलहाल 5,334 बांध हैं, जबकि 411 बांध निमार्णाधीन हैं। इनमें 80 फीसद बांध 25 साल और उससे ज्यादा पुराने हैं। जिन वैज्ञानिक पद्धतियों का इस्तेमाल उनके रख रखाव में चाहिए उसकी कैपेसिटी बिल्डिंग की जरूरत महसूस की जाती रही है। बांध बाढ़ नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश में 100 साल पुराने बांध भी चल रहे हैं, लेकिन उनकी हालत बहुत संतोषजनक नहीं है। ऐसे बांधों की सुरक्षा को लेकर सरकार की चिंताएं हैं, जिसके लिए यह कार्यक्रम उपयोगी साबित हो सकता है।

बांधों से सिंचाई, बिजली उत्पादन और पेयजल आपूर्ति तो की ही जाती है। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण में भी इनकी अहम भूमिका होती है। बांधों की सुरक्षा में चूक होने से जानमाल की भारी क्षति हो सकती है। पुराने पड़ चुके बांधों में जोखिम भी कम नहीं है। कैबिनेट की बैठक में इस बात पर भी विचार किया गया कि इन बांधों के जलाशयों से जल आधारित पर्यटन और मछली पालन जैसे उद्यम से राजस्व प्राप्त किया जा सकता है।

## कोरोना आपदा से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका, 22 प्रतिशत गिरावट का अनुमान

**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कोरोना आपदा ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका दिया है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सूबे की अर्थव्यवस्था में पिछले वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीनों की तुलना में 22.5 फीसद गिरावट का अनुमान है। कोरोना महामारी से उद्योग जगत सर्वाधिक प्रभावित हुआ, जबकि कृषि क्षेत्र ने अर्थव्यवस्था को संभाले रखने में भूमिका निभायी।

नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही की तुलना वर्ष 2019-20 की प्रथम तिमाही से करते हुए सकल व निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान स्थिर (2011-12) व प्रचलित भावों पर तैयार किये हैं। वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में सकल राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर भावों पर 1,99,567 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 2019-20 की पहली तिमाही में यह 2,57,639 करोड़ रुपये था।

स्थिर भावों पर प्राथमिक (कृषि व उससे जुड़ी गतिविधियां) क्षेत्र में सकल राज्य घरेलू मूल्य वर्धन (जीएसवीए) की वृद्धि दर 2019-20 की पहली तिमाही की तुलना में 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। वहीं, द्वितीयक (मैन्युफैक्चरिंग व उद्योग) तथा तृतीयक (सेवा) क्षेत्र की वृद्धि दर -42.9 प्रतिशत और -22.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। प्रचलित भावों पर भी जीएसडीपी में 22 फीसद की गिरावट अनुमानित है।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही (जनवरी-मार्च 2020) में उप्र के सकल और निवल राज्य घरेलू उत्पाद में 2018-19 की आखिरी तिमाही की तुलना में 2.7 फीसद वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। स्थिर (2011-12) भावों पर वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 3,18,626 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जो कि वर्ष 2018-19 की समान अवधि के सापेक्ष 2.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। स्थिर भावों पर वर्ष 2019-20 की चौथी तिमाही में प्रदेश का निवल राज्य घरेलू उत्पाद 2,78,005 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है, जो कि वर्ष 2018-19 के आखिरी तीन माह के सापेक्ष 2.7 प्रतिशत अधिक है।

## 1-3 नवंबर और 10-12 नवंबर के बीच शराब की बिक्री पर प्रतिबंध

**बेंगलुरू, एएनआइ।** बेंगलुरू शहर के पुलिस आयुक्त ने 1 नवंबर को शाम 5 बजे से 3 नवंबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक और 10 नवंबर को सुबह 06:00 बजे से 12 नवंबर की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक विशिष्ट क्षेत्रों में शराब या किसी भी नशीले पदार्थ की बिक्री, खपत, खरीद और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। यद कदम (राजाराजेश्वरी नगर) आरआर नगर विधानसभा उपचुनाव को देखते हुए उठाया गया। अभी कुछ दिनों पहले बेंगलुरु पुलिस ने आरआर नगर के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कुसुमा एच और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधान सभा में विपक्ष के नेता सिद्दरमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

बेंगलूरु आरआर नगर व सिरा विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव में दोनों विपक्षी दलों- कांग्रेस व जनता दल-एस ने सरकार पर सत्ता के दुरुपयोग व धनबल के उपयोग का आरोप लगाया है। जद-एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि भाजपा सिरा विधानसभा क्षेत्र में धनबल का उपयोग कर रही है। इस क्षेत्र में चुनावी आचार संहिता की धज्जियां उडाई जा रही हैं।

उन्होंने बातचीत में कहा कि आरआर नगर के विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष सिद्धरामय्या के चुनाव प्रचार करते समय भाजपा कार्यकताओं ने रुकावट डाला था। सूचना देने पर भी पुलिस वहां नहीं पहुंची। भाजपा कार्यकताओं ने माहौल खराब करने की साजिश भी की थी। कांग्रेस कार्यकताओं ने इसे विफल कर दिया। चुनाव आयोग, चुनाव अधिकारी, पुलिस और पालिका के अधिकारी भाजपा की कठपुतली बने हैं। बता दें कि राज्य में भाजपा की सरकार है। बी.एस. येदियुरप्पा 2019 में राज्य के चौथी बार मुख्यमंत्री बने हैं।

## विचाराधीन कैदियों को आत्मसमर्पण करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सभी विचाराधीन कैदियों को 2-13 नवंबर के बीच चरणबद्ध तरीके से आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। इन विचाराधीन कैदियों की जमानत अवधि लॉकडाउन के कारण बढ़ा दी गई थी। जस्टिस एल नागेश्वर राव, हेमंत गुप्ता और अजय रस्तोगी की पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया और जवाब मांगा।



शीर्ष अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय जेल सुधार मंच (NFPR) द्वारा दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि लॉकडाउन से पहले और इस दौरान जमानत देने का उसका आदेश 31 अक्टूबर के बाद प्रभावी नहीं रहेगा। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंजाल्विस और अजय वर्मा उपस्थित हुए।

शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी याचिका में एनएफपीआर ने कहा कि उच्च न्यायालय का निर्देश पूरी तरह से 23 मार्च, 2020 के आदेश की भावना के खिलाफ है। इसमें हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की आठ सिफारिशों को नजरअंदाज कर दिया था।

वहीं, दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि देशभर के उच्च न्यायालयों में पर्सनल इंसॉल्वेंसी के मामलों में आइबीसी की धाराओं को चुनौती देने वाली याचिकाएं सुनने के बारे में वह आदेश पारित करेगा। पर्सनल इंसॉल्वेंसी मामलों में इंसॉल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (IBC) की धाराओं को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं देशभर के विभिन्न हाई कोर्ट में लंबित पड़ी हैं। इन सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए इंसॉल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (IBBI) ने शीर्ष कोर्ट में याचिका दायर की हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के उस दावे को गलत बताया है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने संबंधी कानून के अमल पर रोक लगाते समय उसे पूरी तरह से नहीं सुना गया।

### रेमडेसिविर, फेवीपिराविर से कोरोना के इलाज पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** उच्चतम न्यायालय ने कोरोना के इलाज के लिए बगैर किसी मंजूरी के ही रेमडेसिविर और फेवीपिराविर दवाओं के इस्तेमाल को लेकर दायर याचिका पर गुरुवार को केंद्र सरकार से जवाब मांगा। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूद्गत एएस बोपन्ना और वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने इस याचिका पर केंद्र को नोटिस जार कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। यह जनहित याचिका अधिवक्ता मनोहर लाल शर्मा ने दायर की है।

याचिकाकर्ता ने विश्व स्वास्थ संगठन की 15 अक्टूबर की रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि कोरोना वायरस के लिए इन दवाओं को आधिकारिक रूप से कहीं भी नामित नहीं किया गया है। पीठ ने कहा कि वह इस बारे में केंद्र सरकार को सचेत करने जा रही है और इसीलिए उसे नोटिस जारी कर रही है। इससे पहले 16 सितंबर को न्यायालय ने कहा था कि सरकार ने कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज के लिए रेमडेसिविर और फेवीपिराविर के इस्तेमाल की अनुमति दी है। शीर्ष अदालत कोविड-19 के इलाज की इन दो दवाओं का कथित रूप से बगैर वैध लाइसेंस के ही उत्पादन और बिक्री करने वाली 10 भारतीय दवा कंपनियों के खिलाफ सीबीआइ द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। रेमडेसिविर और फेवीपिराविर एंटी वायरल दवाएं हैं और कोविड-19 के मरीजों के इलाज में इनकी उपयोगिता को लेकर चिकित्सा विशेषज्ञों में बहस छिड़ी हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 49,881 मामले सामने आए हैं। इस दौरान भारत में कोरोना से 517 लोगों की मौत हुई है। इससे कोरोना का आंकड़ा 80 लाख के पार चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना के अब तक 80 लाख 40 हजार 203 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से कोरोना के अब तक 73 लाख 15 हजार 989 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। देश में सक्रिय मामलों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। फिलहाल देश में करीब 6 लाख सक्रिय मामले हैं। यह आंकड़ा 6 लाख 3 हजार 687 है। देश में कोरोना से मौतों का आंकड़ा 1 लाख 20 हजार 527 हो गया है।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### दबंगों ने साइकिल से आ रहे युवक को पीटा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र की माधो राम का पुरा पुलिया के पास दबंगों ने साइकिल से घर लिये आ रहे एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। उत्तराव गांव निवासी अरविंद कुशवाहा जो बलरामपुर किसी दुकान पर काम करता है। बुधवार शाम को लगभग 7:00 बजे वह साइकिल से अपने घर के लिए आ रहा था। जैसे उतराव थाना क्षेत्र के माधवराम का पूरा पुलिया के पास पहुंचा था कि घात लगाए बैठे दबंगों ने उस पर हमला कर दिया युवक जमकर पिटाई कर दी। वही घायल अवस्था में युवक पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। युवक ने उतरांव थाने में दो नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल युवक को मेडिकल के लिए सैदाबाद भेजा।

## गला रेतकर मोबाइल शॉप संचालक की हत्या

**मेजा प्रयागराज ।** मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहड़ार पुलिस चौकी के समीप बुधवार शाम से लापता मोबाइल शाप संचालक की अज्ञात हत्यारों ने गला रेतकर हत्या कर दी। सुबह से शव मिलने पर हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीकान्त पटेल (23) पुत्र अवध नारायण पटेल निवासी सिलौंधी ने कोहड़ार बाजार मे मोबाइल शाप व टैनी शाखा खोल रखा था। बुधवार शाम वह दुकान बंद कर घर के लिए निकला लेकिन घर नही पंहुचा। जिसे लेकर परिजन संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन कोई पता नही चला। वहीं थाना प्रभारी मेजा ने बताया कि गुरुवार की सुबह मृतक के पिता ने मेजा कोतवाली मे तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन दोपहर मे श्रीकान्त पटेल का छतविक्षत शव एनटीपीसी कोहड़ार के पास मिलने से



शव मिलने के बाद मौके पर जुटी भीड़

हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह, सीओ मेजा डॉ भीम कुमार गौतम, कोतवाल मेजा सुनील बाजपेई सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रक मालिकों ने चालान में अनियमितता का लगाया आरोप

**करछना।** क्षेत्र के करछना कोहड़ारघाट मार्ग पर प्रतिदिन हजारों गिट्टी लदी ट्रकों का आवागमन होता है जिसमें से ज्यादातर ओवरलोड रहती है जिसको लेकर आरटीओ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने ओवरलोड ट्रकों का चालान कर रही है। चालान में भारी भरकम जुमार्ना भी लगाया जा रहा है। गुरूवार को करछना में लगभग 45 गाड़ियों का चालान आरटीओ द्वारा किया गया। वहीं इस बावत ट्रक मालिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कैलाश पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि जो ट्रक मात्र 2 से 5 टन ज्यादा ओवरलोड है उनका भी 15 से 20 टन अतिरिक्त ओवरलोड दिखाकर चालान काटा जा रहा है। अधिकारियों की अनियमितता कार्यप्रणाली से ट्रक संचालकों में गहरा रोष व्याप्त है। वाहन स्वामियों का यह भी कहना है ट्रकों के ओवरलोड का तौल होने के बाद ही निर्धारित जुर्माना लगाया जाय।

## बीमारी से क्षुब्ध अधेड़ ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान




अधेड़ की मौत के बाद जुटी लोगों की भीड़

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सुदनीपुर कला गांव के निकट गुरुवार कि सुबह 7 बजे रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ की छतविछत शव लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी जबतक पुलिस पहुँच पाती परिजन भी मौके पर पहुँच चुके थे। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने शव का पंचनामा करके परिजनों को सौंप दिया।

सुदनीपुर कला गांव निवासी रामचंद्र विश्वकर्मा उर्फ छोटे उम्र लगभग 47 वर्ष निवासी सुदनीपुर कला गुरुवार कि भोर में घर से निकला और गांव के सामने ही रेलवे ट्रैक पर आरही ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। जिसके छतविछत शव को लोगों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस तथा परिजनों को दी मौकेपर पर पहुंचे परिजनों ने रामचंद्र विश्वकर्मा के रुप में शिनाख़्त किया। परिजनों के मुताबिक मृतक पिछले दो साल से कैंसर पीड़ित था जिसका इलाज चल रहा था । जिसको लेकर जिंदगी से क्षुब्ध रहता था उसी बात को लेकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी।

## सुजावन देव यमुना तट पर कहीं कीचड़ तो कहीं बिखरी गंदगी, श्रद्धालु कैसे करेंगे स्नान

**आगामी रविवार से कार्तिक मास शुरू सुजावन देव यमुना तट पर पूरे कार्तिक मास हजारों श्रद्धालु रोजना करते है स्नान**



कीचड़ के बीच से होकर यमुना तट पर स्नान करते श्रद्धालु

**घूरपुर।** सुजावन देव यमुना तट पर पूरे कार्तिक मास भर क्षेत्रीय सहित दूर दराज के हजारो श्रद्धालु यमुना स्नान कर पूजा अर्चना दान आदि करते है। यमुना के बाढ़ के बाद जलस्तर घटने से घाटों और रास्तों और घाटों पर कीचड़ जमा हो जाता है इस वर्ष भी इसी वजह से सुजावन देव यमुना तट के रास्ते और यमुना तट पर कही कीचड़ तो कही गंदगी का अंबार लगा हुआ है। 1नवंबर से कार्तिक मास शुरू हो रहा है। चंद दिनों ही बाकी है लेकिन स्थानीय प्रशासन अभी तक साफ सफाई की शुरूवात ही नही कराई है। जिससे यमुना स्नानार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। श्रद्धालु तीन से चार बजे भोर से ही यमुना स्नान को पहुंचने लगते है जिससे यमुना तट पर रोशनी व महिला स्नानार्थियों को वस्त्र बदलने और सुरक्षा व्यस्था की सुविधाओं की भी व्यवस्था की जानी चाहिए इस वर्ष कार्तिक मास आगामी रविवार के दिन से ही शुरूवात हो रहा है। कार्तिक मास के प्रति रविवार को स्नानार्थियों का रेला उमड़ता है। रविवार के दिन मेला लगता है। ऐसे में कार्तिक के प्रथम और शुरूवात का पहला रविवार होने की वजह से स्नानार्थियों को भारी फजीहतों का सामना करना पड़ेगा। इसी तरह इरादतगंज यमुना तट पर भी आसपास के दर्जन भर गांवो के श्रद्धालु उक्त तट पर यमुना स्नान को जाते है। उस रास्ते भी गंदगी से पटे हुए है। सुजावन देव मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञान भारथी कहते है कि मात्र दो दिन ही बाकी है पूर्व में अब तक स्थानीय प्रशासन पूरी व्यस्था कर देती थी। लेकिन अभी तक साफ सफाई की भी शुरूवात नही की जा सकी है। इस सम्बंध में एसडीएम बारा को उपरोक्त व्यस्था किए जाने की मांग पत्र देकर इस ओर ध्यान भी आकर्षित कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई पहल नही की गई है।वहीं पुजारी ज्ञान भारथी ने सुजावन देव मंदिर की रंगाई पुताई कर पूरी कर तैयारी कर चुके है।

## पीड़ित को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी

**फूलपुर।** हर पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए पहले पुलिस के पास पहुंच कर अपनी फरियाद सुनाता है यदि समय रहते पुलिस अपनी सक्रियता दिखाते हुए न्योचित कदम उठाए तो पीड़ितो को दर दर न भटकना नहीं पड़ेगा। उक्त बातें गुरुवार को क्षेत्राधिकारी फूलपुर राम सागर ने फूलपुर कोतवाली का निरीक्षण करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पीड़ित को समय पर न्याय न मिलने के कारण जिले सहित उच्च अधिकारियों के पास दौड़ना पड़ता है जिसमें बिचौलिए उनका शोषण करते है। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अगर पीड़ित के साथ अन्य कोई अतिरिक्त व्यक्ति कोतवाली आता है तो उसे समझा कर वापस लौटाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष,माल खाना,तथा कार्यालय का अवलोकन किया और कार्य प्रणाली में सुधार लाने का सुझाव दिए। इस मौके पर उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार सिंह,महेंद्र कुमार सिंह यादव,मुन्ना सिंह,राजेश कुमार,नीरज कुशवाहा,अरविंद कुशवाहा आदि रहे।

## तीन बीघे धान की फसल को अराजक तत्वों ने किया आग के हवाले

**हण्डिया।** हंडिया थाना क्षेत्र गांव शंकरपुर में तीन बीघे धान की फसल आग में जलकर राख हो गयी। किसान की मेहनत पर पानी फिर गया।शंकर पुर गांव निवासी अशोक कुमार पाण्डेय जो राजस्व विभाग में लेखपाल पद पर कार्यरत हैं। अपने खेत में ही तीन बीघे का धान का गठ्ठर बांधकर इकठ्ठा किए थे। किसी ने बुधवार की रात्रि लगभग धान के खलिहान में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जब आग जलने लगा तब आग की रोशनी देखकर आस पास के लोगों ने सोर मचाया।जब तक की लोग इकठ्ठे होतो आग विकराल रूप पकड़ लिया था। ग्रामीणो ने 112 नम्बर व फायर ब्रिगेड को सूचना दी।जब तक कि पुलिस व फायर ब्रिगेड आई तब तक आग विकराल रूप पकड़ कर धान की फसल को जलाकर स्वाहा कर दिया।ग्रामीणो ने अपने तक बहुत कोशिश की देखते देखते सारा धान जलकर राख हो गया।जलते धान की फसल को देखकर किसान की आंखों में आशु छलकने लगा।धान की फसल जल जाने से किसान की मेहनत पर पानी फिर गया।



आग में जलकर राख धान की फसल

### एचटी लाइन में फंसी ट्रक टूटा तार बाल-बाल मचे कई मजदूर, धान की फसल में लगी आग

**घूरपुर।** इलाके के इरादतगंज गांव में एक कार्यदायी संस्था की ट्रक बैक करते समय एचटी लाइन से फंस गई जिससे तार टूट कर धान की खेत में जा गिरा। कार्यदायी संस्था के आधा दर्जन काम कर रहे मजदूर भी बाल-बाल बच गए। इरादतगंज गांव में बुधवार की रात एक कार्यदायी संस्था इंटरनेट केबिल बिछाने का काम कर रही थी कि उसकी एक ट्रक लापरवाही से बैक करते समय एचटी लाइन से से जा फंसी जिससे तार टूट कर धान के फसल में टूट कर गिर गया। धान की फसल में आग लग गई। और गनीमत रहा पास में काम कर रहे कार्यदायी संस्था के आधा दर्जन मजदूर बाल बाल बच गए अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। आननफानन लोगों ने विद्युत केंद्र में सूचना देकर बिजली कटवाया तब जाकर लोगों ने राहत भरी सांस ली।

## संगठन की मजबूती को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

**करछना।** गुरूवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं की बैठक करछना स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुयी जिसमें ब्लाक अध्यक्ष डा0 दिनेश सोनी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका गांधी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकताओं को गांव.गांव जाकर कांग्रेस की नीतियां समझानी है जिससे अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़े और पार्टी को मजबूती प्रदान हो। उन्होने कहा कि पार्टी में नये और युवा चेहरों को जगह दी जा रही है जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका साफ फर्क दिखेगा और पार्टी प्रदेश में मजबूती के साथ उभरेगी। इस दौरान अरूण तिवारीए रामछबीले मिश्र, रंगराज सिंह, शिवविजय सिंह, अंजुम नाज, वीके पाण्डेय, विद्याधर मिश्र, सुरेश पटेल, प्रकाश पाण्डेय, त्रिपुरारी मिश्र, पीआर भट्टाचार्य, अंकित पाण्डेय, नागेश पाण्डेय, सफरोज व सुरेश शुक्ल समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गृह कलह से परेशान युवक ने जहर खाकर दे दी जान




**शंकरगढ़।** गृह कलह से परेशान चल रहे एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। युवक द्वारा जाहर खाए जाने की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर नारीबारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी नारीबारी क्षेत्र के लोनीपार निवासी विनय कुमार केवट (30) पुत्र राम अधार इन दिनों घरेलू समस्याओं को लेकर काफी परेशान चल रहा था। बताया जाता है कि घरेलू समस्याओं और रोज की किच-किच से परेशान विनय कुमार केवट ने गुरुवार को दूसरे पहर जहरीला पदार्थ खा लिया। जब तक घरवालों को इसकी जानकारी हो पाती, काफी देर हो चुकी थी। परिजनों ने विनय को बचाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद विनय कुमार द्वारा जहर खाए जाने की सूचना मुकामी पुलिस को दी गई। सूचना पर नारीबारी चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी।

## किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली एक 16 वर्षीय लड़की बीते 27 सितम्बर को गायब हो गई थी। लड़की के घरवालों ने दो सगे भाइयों पर किशोरी को अगवा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 28 अक्तूबर को लड़की और इस घटना में शामिल दोनों आरोपी डभांव का तालाब, डांडी निवासी राजाबाबू व अनूप कुमार पुत्रगण श्यामबाबू को नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित छिवकी रेलवे क्रासिंग के समीप से गिरफ्तार कर लिए। एसएसआई राम आशीष यादव व अरैल पुलिस चौकी इंचार्ज अयोध्या प्रसाद मिश्रा की टीम ने गिरफ्तारी के बाद लड़की का मेडिकल कराया। मेडिकल के आधार पर दोनों भाईयों पर दुष्कर्म और पास्को एक्ट समेत अन्य धाराएं बढ़ा दी गई। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों आरोपियों का चालान कर दिए।

## चक बन्दी की बैठक में भूमि सुरक्षित करने पर हुआ विचार

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में गुरुवार को चक बन्दी विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर सार्वजनिक भूमि को सुरक्षित करने के लिए ग्रामीणों से चर्चा की। जिसमें खेल के मैदान, मरघट, अम्बेडकर पार्क एवं बारात घर तथा आबादी सहित चक मार्ग सुरक्षित करने के लिए ग्रामीणों से राय मांगी गई। ग्रामीणों ने अपने अलग अलग सुझाव दिए इस दौरान अधिकारियों ने उक्त भूमि को सुरक्षित करने के लिए मौका मुआयना भी किया। समस्याएं सुनने के बाद कुछ लोगो ने दो दिन की मोहलत मांगी जिस पर अधिकारियों ने सहमति जताई और जल्द ही उक्त भूमि सुरक्षित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर विभाग के ए सी ओ चकबन्दी वंदना त्रिपाठी ,राजस्व निरीक्षक कल्प नाथ राय, लेखपाल आशीष कुमार, ग्राम



ग्रामीणों संग बैठक कर चर्चा करते चकबंदी अधिकारी

प्रधान ज्ञान चन्द्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बी डी सिंह, दिनेश कुमार दुबे, अशोक कुमार दूबे, अकील अहमद उर्फ गुड्डु, शफीक अहमद, लालजी गौतम भगत, मुन्नी लाल, अनिल कुमार, अमित कुमार, राधे श्याम विश्वकर्मा, उषा देवी, विमला देवी गेना देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उद्यान विभाग द्वारा किसानों को दी जा रही सड़ी आलू

**करछना।** जहां एक ओर किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार दृढ़संकल्प है वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को अच्छी किस्म के आलू के बीज बेचने तथा पैदावार बढ़ाने का लालच देकर सड़ी आलू बेंचा जा रहा है जिससे किसान बेहद नाराज और आक्रोशित है। विकास खण्ड कौंधियारा के कुलमई गांव निवासी कमलाकान्त ने अपनी उपज बढ़ाने के लिए विकास भवन प्रयागराज स्थित उद्यान विभाग अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय व पंकज से 2 क्विंटल आलू 3200 रुपए क्विंटल की दर से 13 अक्टूबर को पैसा जमा कर रसीद प्राप्त कर तेलियरगंज स्थित कोल्ड स्टोरेज से आलू मुहैया करायी गयी थी। सरकारी संस्था ने आलू का बीज मिलने से किसान को पूर्ण भरोसा हो गया था कि अच्छी किस्म से पैदावार बढ़ेगी लेकिन



किसान आलू घर लाकर खेत में बुआई करने गया तो पूरी की पूरी आलू बोरे में सड़ी निकल गयी जिससे किसान ने उक्त अधिकारियों ने फोन से बात कर शिकायत की तो उसे डाटते हुए फोन काट दिया गया। इसी तरह सैकड़ों किसानों के साथ उद्यान विभाग द्वारा सड़ी आलू देकर किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। पीड़ित किसान ने उपजिलाधिकारी करछना और मुख्यमंत्री को शिकायत कर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही करने और सड़ी आलू के स्थान पर नया बीज दिलाये जाने की मांग की है।

### सुंदरकांड पाठ से हुआ रामलीला के प्रतीकात्मक मंचन का समापन

**नैनी ।** जनसेवा समिति रामलीला कमेटी नई बाजार, नैनी के समस्त पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने गुरुवार को रामलीला मंच की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए सुंदरकांड का पाठ करके अपने ग्राम देवी काली माता से क्षमा याचना की। कोरोना काल की वजह से इस वर्ष रामलीला मंचन न होने की वजह आपस में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था। उसी सहमति के अनुरुप पूजा अर्चना और हवन करके इस वर्ष रामलीला के मंचीय कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान बच्चा लाल यादव, हरिशंकर सिंह एडवोकेट, कृष्ण गोविंद, आरएलडी दुबे, पीएन सिंह , दयाशंकर तिवारी, विनय सिंह, रामसूरत यादव, विशाल, धर्मेंद्र सिंह, गुड्डू केसरवानी, पंचमलाल केसरवानी, सर्वेश सिंह, कप्तान मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## धान की फसल में लगा रोग, परेशान किसान

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में धान की फसल बर्बाद होने से किसान परेशान है। किसान के खेत में लहलहाती धान की फसल खेत में ही गिर पड़ी वहीं कंडो रोग ने भी किसान को परेशान कर रखा है।जिससे किसानों के मेहनत कि कमाई पर ग्रहण लग गया और उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। कोड़ापुर गांव के किसान अनिल कुमार ने बताया कि करीब दस विश्वा धान की खेती कड़ी मेहनत के साथ किया था कि उससे पूरे साल भर का घर में खाने को चावल हो जाएगा। किन्तु एक तरह जहां आंधी तूफान से फसल गिर गई वहीं जो कुछ बचा भी वह कंडो रोग के चलते बर्बाद हो गई।



खेत में गिरी धान की फसल व उसमें लगा रोग

## संक्षेप समाचार

### पैसा मांगने पर फल विक्रेता को पीटा

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के मुलनापुर गांव में ठेले पर बेच रहे फल विक्रेता से गांव की एक महिला ने फल खरीदा पैसे मांगने पर फल विक्रेता की एक अज्ञात अधेड़ ब्यक्ति ने जमकर पिटाई कर दी। थरिया गांव थाना उतरांव निवासी तेज बहादुर जो ठेले पर गांव-गांव घूमकर फल की बिक्री करता है ।28 अक्टूबर बुधवार को शाम 7:00 बजे मुलनापुर गांव में फल बेच रहा था गांव की एक महिला फल खरीदी जब विक्रेता ने पैसा मांगा तो एक अधेड़ व्यक्ति ने फल विक्रेता की जमकर पिटाई करते हुए ठेले को पलट दिया। वहीं फल विक्रेता का आरोप है कि फल बेचे हुए जेब में रखे हजारो रुपये भी निकाल लिए ।फल विक्रेता तेज बहादुर थाना उतरांव में अज्ञात अधेड़ के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## सीएमओ ने कोरोना जागरूकता सचल प्रदर्शनी को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



कोरोना जागरूकता सचल प्रदर्शनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीएमओ

**प्रयागराज।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो प्रयागराज द्वारा कोरोना के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय जागरूकता प्रचार अभियान का शुभारम्भ मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ0 मेजर जी0एस0 वाजपेयी व नोडल अधिकारी कोविड-19 डॉ0 ऋषि सहाय ने संयुक्त रूप से किया। जागरूकता अभियान के शुभारम्भ के दौरान डॉ0 वाजपेयी ने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है सभी को कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन करके खुद को और दूसरों को इससे सुरक्षित रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए हम सबको सजग और सावधान रहना होगा ताकि इस पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने कहा कि दो गज की दूरी मास्क जरूरी के नियम का पालन करते हुए बार-बार अपने हाथों को धोकर कोरोना वायरस से बच सकते हैं।

डॉ0 ऋषि सहाय नोडल अधिकारी कोविड-19 ने कहा कि प्रयागराजवासियों ने सावधानी दिखाकर कोरोना वायरस को कंट्रोल तो कर लिया है लेकिन अब जरा सी भी लापरवाही सभी के लिए घातक हो सकती है। उन्होंने कहा कि त्योहार का समय चल रहा है यदि हम कोविड अनुरूप व्यवहारों का पालन नहीं करेंगे तो संक्रमण वापस आ सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो स्टैण्डर्ड आपरेटिंग प्रोसीजर (एस0ओ0पी0) स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए जारी किया गया है अभिभावक व अध्यापकगण उसका पूरी तरह से पालन करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं के नियम को लागू करते हुए सही से मास्क पहनें, बार-बार हाथ धोएं और एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाये रखें।

क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो के राम मूरत विश्वकर्मा ने बताया है कि यह तीन दिवसीय जागरूकता अभियान प्रयागराज में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर तक विभिन्न क्षेत्रों में जारी रहेगा। अभियान के दौरान सचल प्रदर्शनी, बैनर, पोस्टर, व हैण्डबिल्स और माइकिंग के माध्यम से आमजन को मास्क/फेस कवर लगाने, नियमित रूप से हाथों की साफ-सफाई व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

### भाजपा मंडल सहसों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संम्पन्न

**सहसों।** प्रयागराज भारतीय जनता पार्टी गंगापार प्रयागराज सेक्टर सहसों का मंडल प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को आरडी सिंह महाविद्यालय में सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण तत्पश्चात दीप प्रज्वलन से उद्घाटन सत्र शुरू हुआ द्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री प्रभा शंकर पांडे जी ने भारतीय जनता पार्टी का इतिहास और विकास के विषय में कार्यकताओं के सामने कार्यक्रम में अपने विचार को रखा द्य कुल 5 सत्र चले हैं द्य जिसमें वीरेंद्र बहादुर सिंहए गुलाब त्रिपाठीए अनुज सिंह पटेलए ने अपने अपने विषय को काशी क्षेत्र के संगठन मंत्री के सामने रखा द्य प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अपने अपने विचारों से संगठन के इतिहास के बारे में अवगत करायाद्य समापन सत्र में अनुज सिंह पटेल ने भी अपने विचार रखेए इस कार्यक्रम में भाजपा गंगापार के जिला अध्यक्ष अश्विनी दुबे ने कार्यक्रम का संबोधन धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किया द्य एवं कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज सभी के प्रति आभार प्रकट किया द्य कार्यक्रम का संचालन सहसों मंडल महामंत्री पवन शुक्ला ने किया द्यइस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद आशीष केसरवानीए जय प्रकाश दुबेए राजधर दुबेए सत्यम त्रिपाठीए महेश सिंहए उदय राज प्रजापतिए राजेश्वरीए सूर्यमणि पांडेए सत्यम हिंदूए रंजना सिंह परिहारए ब्रिजेश त्रिपाठीए आलोक कुमार सिंहए व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे द्य
पीजी एवं शोधार्थियों के लिए खुला हॉस्टल

### पीजी एवं शोधार्थियों के लिए खुला हॉस्टल

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण ने मानो लोगों की जिंदगी पर ब्रेक लगा दिया हो। वहीं शिक्षण व्यवस्था बेपटरी हो गई। यूजीसी और सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन के बाद जहां बाजार में रौनक आने लगी वहीं छात्रों की जिंदगी भी पटरी पर लौट रही है। इसी कड़ी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन-5 के अंतर्गत तकनीकी एवं विज्ञान संकाय के पीजी एवं शोधार्थियों को लैब में काम करने की अनुमति दे दी है। इसके साथ ही इन छात्रों को हॉस्टल में रहने की छूट भी प्रदान कर दी गई है। इसके लिए डीएसडब्ल्यू प्रो. केपी सिंह ने सभी हॉस्टलों के अधीक्षकों के साथ बैठक भी की। बैठक में अधीक्षकों को हॉस्टल खोले जाने से पूर्व कोविड-19 गाइडलाइन के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस के चलते अप्रैल में प्रवेश बंद कर दिया गया था। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने हॉस्टल खोले जाने के लिए आंदोलन भी किए। 15 अक्टूबर को विभिन्न जिलों से भी तमाम छात्राएं हॉस्टल में प्रवेश के लिए पहुंचीं। इसे लेकर देर रात तक हंगामा भी हुआ था।

## गैगेस्टर में वांछित अपराधी को कर्नलगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार



वांछित अपराधी

**प्रयागराज।** बम विस्फोट तथा गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त को कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। काफी दिनों से अभियुक्त पुलिस को चकमा दे रहा था पर कर्नलगंज पुलिस के हाथ बहुत बड़ी सफलता लगी है। प्रयागराज के कटरा इलाके से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीआईजी/ एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी सख्त निर्देश पर नगर एसपी व सीओ चतुर्थ सुधीर कुमार के निर्देशन तथा कर्नलगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित की सूझबूझ के कारण अपराधी पुलिस के गिरफ्त में आया 'इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 03-फरवरी 2020 को कटरा चौराहे पर बम विस्फोट किया गया था जाँच में हिंदू हॉस्टल के छात्र मृदुल तिवारी का नाम प्रकाश में आया जिसके बाद थाना पुलिस ने सम्बन्धित मामला दर्ज कर अपराधी को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू की गयी परिणाम स्वरूप वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत गैंगेस्टर के वांछित मृदुल पुत्र मुकुन्द नाथ नि.ग्राम करनाई थाना सुखपुर बलिया हाल पता हिन्दू हॉस्टल छात्रावास कर्नलगंज प्रयागराज को आज हॉस्टल के करीब से दबोचा गया।आरोपी के खिलाफ थाने पर कई मामले दर्ज है।

## सोरांव में एसपी गंगापार एवं एएसपी की मौजूदगी में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान, हड़कम्प

**सोरांव।** बुधवार देर सायंकाल प्रयागराज-प्रातपगढ़ हाइवे मार्ग के सोरांव चैराहे पर एसपी गंगापार धवल जायसवाल एवं एएसपी/ सीओ सोरांव अषोक वेंकट ने पुलिस कर्मियों के साथ संघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान बिना मास्क के वाहन चालकों एवं दर्जनों वाहनों का चालान काटा गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को कोविड-19. को लेकर लोगो को जागरूक करते हुए सख्त हिदायत दी। पुलिस की चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। पुलिस टीम में इंस्पेक्टर सोरांव शिशु पाल षर्मा, एसआई विनय शुक्ला समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## टैक्सी, टैंपो चालकों की हुई कोरोना जांच

**करछना।** आगामी त्योहार के मद्धेनजर शासन के निर्देश पर गुरुवार को करछना सीएचसी द्वारा डॉ. संगीता सिंह की अगुवाई में टैंपो स्टैड़ों पर कोरोना जांच की गई।इस दौरान स्थानीय करछना टैंपों स्टैंड और साधुकूटी स्टाप पर कुल 50 टैंपों चालकों का आरटीपीसीआर द्वारा परीक्षण किया गया।परीक्षण में चालको का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया जिसकी रिर्पोर्ट दो दिन बाद आएगी।जांच के समय डाक्टरों की टीम के अलावा पुलिस टीम भी मौजूद रही।अस्पताल के अधीक्षक डॉ.जीके तिवारी ने बताया कि इसी तरह शासन के निर्देश को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की मिठाई की दुकानों और व्यूटी पार्लरो पर भी कोरोना जांच की जाएगी।उन्होने आम जनता से भी बिना किसी डर के कोरोना जांच कराने की अपील की।अधीक्षक ने बताया कि स्वेच्छा से कोई भी व्यक्ति सीएचसी आकर जांच करा सकता है।

### पात्र गरीबों का आज से बनेगी गोल्डेन कार्ड

**करछना।** केन्द्र सरकार की योजना के तहत पात्र गरीब लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़कर उनके अच्छे स्वास्थ के लिए पहल की गई है।उक्त के पात्र लाभार्थियो को गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए सीएचसी करछना में आज शुक्रवार से बुलाया गया है।जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉ. जीके तिवारी ने बताया कि ऐसे पात्र गरीबों को गोल्ड़ेन कार्ड वितरण कोरोना महामारी के चलते कुछ दिनों के लिए रोक दिया गया था जबकि पूर्व में कई लोगों ने गोल्डेन कार्ड बनाया लिया है।बाकी बचे पात्र लोगों से समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना पहुंचकर कार्ड बनवाने की अपील की।

## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में "सतर्क भारत समृद्ध भारत" पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन

### वार्षिक सतर्कता बुलेटिन "जागृति" को ई-बुक के रूप में जारी किया गया

**प्रयागराज।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर, गुरूवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में इस वर्ष के मुख्य संदेश सतर्क भारत, समृद्ध भारत विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक राजीव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस वेब-आधारित सेमिनार में, मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति श्री अरुण टंडन, उत्तर मध्य रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित तीनो मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

सेमिनार के शुरूआत में महाप्रबंधक राजीव चौधरी, मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अरुण टंडन, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलन किया । सेमिनार के उद्घाटन सत्र में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे श्री नवीन कुमार सिन्हा ने सतर्कता के क्रमिक विकास, अलग सतर्कता संगठन की आवश्यकता, रेलवे में सतर्कता गतिविधियों, भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक (CPI) और मानव विकास सूचकांक (HDI) के आपस के संबंध इत्यादि विषयों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। .श्री सिन्हा ने सभी अधिकारियों की उनके कार्यक्षेत्र में सतर्कता अधिकारी के रूप में भूमिका निभाने के साथ साथ रेलवे के कामकाज में आईटी उपकरणों के अधिकतम उपयोग पर बल दिया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे ने आईटी और अन्य तकनीकी साधनों के वृहद उपयोग के माध्यम से वर्तमान संकट की स्थिति को अवसर में बदला है और यह ई-कार्यप्रणाली का वातावरण बेहतर सतर्कता प्रबंधन में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता अधिकारी हैं और हमें भ्रष्ट आचरण के प्रति शून्य सहनशीलता होनी चाहिए। श्री चौधरी ने उत्तर मध्य रेलवे पर पारदर्शिता सूचकांक को विकसित करने और कार्यान्वित करने का सुझाव दिया ताकि बेहतर सतर्कता प्रबंधन वाली इकाई को बेंचमार्क किया जा सके और आवश्यक सुधारों को चिन्हित किया जा सके। महाप्रबंधक ने यह भी कहा कि हर साल सभी कर्मचारियों को दिये जाने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण 'प्रोजेक्ट सक्षम' में नैतिकता पर एक छोटे मॉड्यूल को शामिल करने की आवश्यकता है।


इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरुण टंडन ने कहा कि निरक्षर लोकतंत्र कोई लोकतंत्र नहीं है और सतर्कता जागरूकता में शिक्षा की आवश्यकता और पब्लिक डीलिंग में वांछित पारदर्शिता लाने पर बल दिया । उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे में बेहतर हाउसकीपिंग और कार्य संस्कृति के लिए श्री राजीव चौधरी के नेतृत्व में टीम एनसीआर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईमानदारी किसी भी संगठन में ऊपर से नीचे की ओर प्रवाहित होती है और किसी को भी सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवन में अनुचित और भ्रष्ट आचरण को नहीं करना चाहिए। न्यायमूर्ति टंडन ने कहा कि एक ईमानदार व्यक्ति को सम्मानित करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना किसी भ्रष्ट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना ।

संगोष्ठी के दौरान महाप्रबंधक श्री राजीव चौधरी और न्यायमूर्ति अरुण टंडन द्वारा सतर्कता बुलेटिन ₹जागृति₹ को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किया गया। इस वार्षिक सतर्कता प्रकाशन में केस स्टडी , रेलवे में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की चेकलिस्ट , प्रणाली में सुधार सम्बंधी सुझाव, टेंडर और कॉन्ट्रैक्ट डीलिंग में क्या करें क्या न करें की सूचि, नवीनतम दिशानिर्देश और परिपत्र इत्यादि शामिल हैं और रेलवे में यह सतर्कता सम्बंधी संवेदनशील मामलों पर रेडी रेकनर के रूप में कार्य करता है। यह ई-पुस्तक इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया माध्यमों से उत्तर मध्य रेलवे की सभी इकाइयों और रेलकर्मियों को भेजी जाएगी।

प्रमुख विभागाध्यक्ष, मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और अन्य अधिकारियों ने भी संगोष्ठी के दौरान अपने विचार व्यक्त किए और सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए विचारों को साझा किया। सेमिनार का समन्वयन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी/ट्रैफिक श्री बृजेश मिश्रा ने किया और मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजीनियरिंग) श्री देवेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस संगोष्ठी में उत्तर मध्य रेलवे के सतर्कता संगठन के अन्य कर्मचारियों सहित उप मुख्य सतर्कता अधिकारी स्टोर अंकुर चंद्रा, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी यांत्रिक श्री अजय कुमार साहनी, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी इलेक्ट्रिकल धर्मेंद्र कुमार ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

सतर्कता जागरूकता वह सप्ताह है जिसमें भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिवस पड़ता है। नए स्वतंत्र देश में राष्ट्रीय एकता के लिए उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता थी, जिससे उन्हें ₹भारत के लौह पुरुष₹ का सम्मान मिला और सरदार पटेल का जीवन वर्तमान पीढ़ी के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, अखंडता और समभावना के लिए एक आदर्श है। । 31 अक्टूबर 2020 को सरदार वल्लभभाई पटेल के 145 वें जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आज दिनांक 29.10.2020 को, माननीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड, रेलवे बोर्ड के सभी सदस्यों, महाप्रबंधकों, मण्डल रेल प्रबंधकों और रेलवे तथा पीएसयू आदि के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को 17:00 बजे राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सभी मण्डलों और अन्य इकाइयों में आयोजित कार्यक्रमों में राष्ट्रीय एकता शपथ ली गई है।

## कलयुगी दोस्त ने ही अपने दोस्त को गोली मारकर उतारा मौत के घाट, गया जेल



पुलिस की मौजूदगी में नाले से कट्टे को तलाशते हुए

**प्रयागराज।** कहते हैं कि दोस्त सुख दुख में हमेशा शामिल रहता है पर प्रयागराज में एक कलयुगी दोस्त ने अपने दोस्त को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार करेली इलाके में रहने वाला नल्ला तथा खुर्शीद आपस में दोस्त थे। विगत दो माह पहले किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई दोनों अंदर-अंदर एक दूसरे से चिढ़ने लगे। कुछ दिनों बाद नल्ला ने खुर्शीद से दोस्ती का फिर हाथ बढ़ाया दोनों साथ-साथ घूमने लगे विगत दिनों नल्ला खुर्शीद की स्कूटी पर सवार हो गया स्कूटी खुर्शीद चला रहा था नल्ला पीछे बैठा था। दोनों मीरापुर इलाके में घूमने के नाम पर निकले थे। वहीं पर मीरापुर स्थित एक गली में अंधेरी जगह देखकर नल्ला ने खुर्शीद के गले में सटाकर कट्टा से गोली मार दी। जब खुर्शीद जमीन पर गिर पड़ा तो नल्ला भाग निकला। पुलिस पूछताछ में नल्ला ने बताया कि वह भागते-भागते रास्ते में करेली बैरियर नाले में उसने कट्टा फेंक दिया। खुर्शीद का शव मिलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना समझ रही थी पर जब जांच पड़ताल किया गया मामला गोली मारकर हत्या का सामने आया। इस मामले में पुलिस नल्ला को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नल्ला द्वारा बताए गए स्थान पर कट्टे की तलाश कर रही है हालांकि पुलिस को अभी तक कट्टा बरामद नहीं हुआ है जिससे उसने गोली मारकर दोस्त की हत्या की थी।



बच्चों को स्वेटर वितरित करते हुए

### प्रा0 विद्यालय डीहा में स्वेटर पाकर नौनिहालों के चेहरों पर मुस्कान

**करछना।** विकास खंड करछना के अंतर्गत आने गांव डीहा में प्राथमिक विद्यालय डीहा में छात्रों को ठंड से बचने के लिए प्रधान प्रतिनिधि अंकित यादव ने विद्यालय के अध्यापकों कीं मौजूदगी में पैतीस नौनिहालो को स्वेटर वितरण किया गया, ठंडीके सुरुआत में छात्र स्वेटर पाकर खुश नजर आये इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अंकित यादव, प्रधानाचार्य विनय सिंह,एवम साथ मे राजीव मिश्रा, अखिलेश यादव आदि रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## टिशू कल्चर केले की उन्नत उत्पादन एवं प्रबंधन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न





कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना द्वारा पोषित, शुआट्स में नव निर्मित टिशू कल्चर प्रयोगशाला में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केला फसल का उन्नत उत्पादन एवं प्रबंधन था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार डा० आरिफ ए0 ब्रोडवे थे जिन्हों बताया कि टिशू कल्चर केले की खेती से किसान अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। परियोजना अधिकारी डा० प्रगति मिश्रा ने बताया कि किसानो के लिए परंपरागत खेती के साथ आधुनिक खेती अपनाने का यह उचित समय है। उन्होने टिशू कल्चर से पौधों के उत्पादन के महत्व को भी समझाया। डॉ गौरव ने किसानो को केले कि किस्मों, उचित जलवायु, मिट्टी का चयन, रोपाई का सही समय कि जानकारी दी। डॉ मुकेश ने केले कि फसल में कीट एवं रोग नियंत्रण कि जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रदीप शुक्ल ने किया। इस अवसर पर किसानो को टिशू कल्चर केले की पौध भी वितरित की गयी।

### केवीके द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित

**प्रयागराज।** कृषि विज्ञान केन्द्र,शुआट्स, इलाहाबाद में जिले के किसानों के लिये पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआं। इस प्रशिक्षण में विभिन्न ब्लाकों के 30 किसानों भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उदेदश्य मशरूम उगाने का वृहद ज्ञान प्रदान करना है जिससे वह न केवल अपने बल्कि अपने समुदाय के कई अन्य सदस्यों के लिये आय के प्रर्याप्त अवसर प्रदान करना है। इस प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आर.पी.सिह वैज्ञानिक उद्यान द्वारा उन्हें मशरूम की खेती के विभिन्न तरीके सिखाये गये उन्हें मशरूम संवर्घन के बारीक विवरण को समझने में मदद करने के लिये प्रशिक्षण के दौरान उपज के प्रबन्धन का अनुभव भी कराया गया। वैज्ञानिक गृह विज्ञान निमिषा नटराजन ने किसानों को मशरूम के पोषक मूल्यों के बारें में सिखाया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि निदेशक शोध डा0 शैलेष मारकर ने अपने अनुभव को किसानो के बीच साझा किया।

## संक्षेप समाचार

### क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक मे विकास कार्यो पर हुई परिचर्चा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोविड-19 के प्रोटोकाल का निर्वहन करते हुए बुधवार को लक्ष्मणपुर क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। गूगल मीट के जरिए हुई बैठक मे चालीस लाख के सापेक्ष विकास कार्यो का अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख वहीदा बेगम ने गांव मे विकास कार्यो को तेजी से संचालित कराए जाने पर जोर दिया। बीडीओ डा. अंजूरानी वर्मा ने सदस्यो को गत वर्ष हुए विकास कार्यो की जानकारी प्रदान की। उन्होने सदस्यो से विकास कार्यो मे एकजुटता तथा इसके संचालन मे पारदर्शिता पर जोर दिया। बैठक मे सदस्यो ने विभिन्न ग्रामीण समस्याओं को भी रखते हुए अफसरो से समाधान कराए जाने पर जोर दिया। बैठक मे मनोज सिंह, तूफान सिंह, फिज्जूभाई, राजू सिंह, विजय तिवारी, दिनेश सिंह, प्रशांत सिंह, कल्लू सिंह आदि ने विभिन्न संचालित योजनाओं को लागू किये जाने पर अपने सुझाव दिये।

### अनियमितता को लेकर एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के डभियार के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर पंचायत निर्वाचन नामावली मे फर्जी नामों को दर्ज कराए जाने पर जांच की मांग की है। गांव के अखिलेश मिश्र की अगुवाई मे एसडीएम से की गई लिखित शिकायत मे कहा गया है कि कर्मचारियो की मिलीभगत से गांव मे कई बाहरी लोगों का नाम मतदाता सूची मे दर्ज कराया गया है। आरोप है कि दर्ज कराए गए नाम उनके भी गांव मे अभी भी मतदाता के रूप मे अंकित है। शिकायती पत्र मे आरोप लगाया गया है कि सात सात बाहरी ग्राम पंचायतो के सैकडो लोगों का नाम मतदाता सूची मे कूटरचित दर्ज हुआ है। एसडीएम राम नारायण ने तहसीलदार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये है।

### हटाया गया अवैध अतिक्रमण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गांव सभा की जमीन पर अवैध अतिक्रमण को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर हटवाया। तहसील के कटैया नेवादा गांव मे कुछ लोग गांव सभा की जमीन पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण का प्रयास कर रहे थे। शिकायत पर एसडीएम राम नारायण ने राजस्व टीम को मौके पर भेजा। जांच के बाद राजस्व निरीक्षक अनिल कुमार श्रीवास्तव के साथ क्षेत्रीय लेखपाल ने अवैध अतिक्रमण हटवा दिया। राजस्व निरीक्षक ने अतिक्रमणीयों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसडीएम को रिर्पोट भेजी है।

# अवैध असलहा निर्माण फैक्ट्री का खुलासा

## पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक निर्मित अर्ध निर्मित असलहे किए बरामद

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के किशनपुर अंबारी गांव में एक दलित के घर में छापा मारकर अवैध रूप से चल रहे तमंचा फैक्ट्री का पुलिस ने खुलासा किया है पुलिस ने अवैध तमंचा फैक्ट्री से आधा दर्जन नाजायज तमंचा और एक अर्ध निर्मित तमंचा के साथ पुलिस ने कई जिंदा कारतूस तमंचा फैक्ट्री चलाने में उपयोग आने वाले विभिन्न उपकरण को बरामद कर पुलिस ने 5 लोगों को हिरासत में ले लिया है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया है इस बात की जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर दी है।



अवैध तमंचा फैक्ट्री के खुलासे की जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े थाना पुलिस और अभियुक्त गण

जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र का मोहम्मद शाहिद वर्ष 2018 में करारी थाने से तमंचा फैक्ट्री संचालन में जेल जा चुका है जो इन दिनों जमानत पर है पुलिस की नजर मोहम्मद शाहिद पर थी और पुलिस ने मोहम्मद शाहिद के पीछे अपने मुखबिर का जाल लगाया मुखबिरों ने पुलिस को बताया कि करारी थाना क्षेत्र के अमुरा गांव निवासी मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद सादिक इन दिनों सराय अकिल थाना क्षेत्र के किशुनपुर अंबारी गांव में बच्ची लाल पासी के घर अक्सर आता जाता है मोहम्मद सादिक के किशुनपुर अंबारी गांव में तसब्बुर अली पुत्र झग्गर के यहां रिस्तेदारी है। सराय अकिल पुलिस ने इसी सूचना पर किशुनपुर अंबारी गांव में मुखबिरों का जाल बढ़ा दिया जिस पर सूचना मिली थी कि किशुनपुर अम्बारी गांव में बच्चा लाल पासी के घर अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही है पुलिस ने सूचना के आधार पर बच्चा लाल पासी के घर पर छापा मार दिया। पुलिस को मौके से 315 बोर के चार तमंचे एक 12 बोर की अद्धी बंदूक एक 32 बोर का पिस्टल और एक एक अर्ध निर्मित 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है मौके से पुलिस ने कई कारतूस बरामद किया है बरामदगी के दौरान मोबाइल फोन आरी फ्रेम हथोड़ा छीनी लोहे के पाइप लोहे के स्प्रिंग सहित विभिन्न उपकरण पुलिस ने बरामद किया है। घटनास्थल से पुलिस ने बच्ची लाल पासी के साथ-साथ इसी गांव के सैयद पुत्र जुम्मन तसब्बुर अली पुत्र झग्गर किशुनपुर अम्बारी मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद सादिक निवासी अमुरा थाना करारी मुतुर्जा पुत्र स्वर्गीय मुस्तफा निवासी बड़ा पचम्भा थाना करारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है बच्ची लाल तसव्वर अली मोहम्मद शाहिद के विरुद्ध पूर्व से कई गंभीर अपराध पुलिस थानों में दर्ज है माल बरामदगी के साथ-साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लिखा पढ़ी कर लिया है अवैध असलहा निर्माण फैक्ट्री के खुलासे की जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक ने दी है।

# दबंगों की हिटलर शाही से प्रशासन बेबस

### उप जिलाधिकारी द्वारा ध्वस्त कराए गए निर्माण को बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के दबंगों ने बीच सड़क पर फिर दीवार खड़ी कर

**कौशांबी।** आजादी के सात दशक बाद भी जिले में दबंगों के मनोबल नहीं कमजोर हुए हैं वह आज भी अपने मनमाफिक कार्यों को अंजाम देने में सफल हो रहे हैं इन दबंगों पर कठोरता दिखानी होगी तभी दबंगों के हौसले टूटेंगे ताजा मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के ख़्वाजा कीमई गांव का है। ख़्वाजाकीमई गांव में जिला पंचायत द्वारा ग्रामीणों को आने जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन जिला पंचायत के सड़क निर्माण पर दबंगों ने कार्य को रोक दिया और निमार्णाधीन सड़क के बीच रास्ते पर अवरोध उत्पन्न करते हुए दबंगो ने पक्की दीवार खड़ी कर दिया मामले की ग्रामीणों ने तत्कालीन जिलाधिकारी से शिकायत की जिलाधिकारी के निर्देश पर तत्कालीन उप जिला धिकारी सिराथू ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया लेकिन जिला धिकारी के आदेश पर उप जिला धिकारी द्वारा ध्वस्त कराए गए निर्माण को बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के दबंगों ने बीच सड़क पर फिर खड़ी कर दिया और निमार्णाधीन सड़क के रास्ते को बंद कर दिया। सड़क निर्माण कराए जाने को लेकर जिला पंचायत सदस्य आशीष कुमार मौर्य ने भी जिला अधिकारी को पत्र लिखा रास्ते में दबंगों के कब्जा करने के इस विवाद 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी निस्तारित नहीं हो सका है जबकि बताया जाता है कि जिस जमीन से गांव का रास्ता जाता है वह सैकड़ों साल पुराना है और ग्राम सभा की आबादी गाटा संख्या 215 राजस्व अभिलेखों में दर्ज है सरकारी अभिलेखों में आबादी दर्ज होने के बाद भी दबंगों के इस कब्जे पर अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे जिला पंचायत का निर्माण कार्य भी बाधित है गांव के तमाम लोग आज फिर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से मिले हैं और प्रार्थना पत्र देकर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है।



युवराज भुवन्यु सिंह रामपुरखास में सांगीपुर क्षेत्रभ्रमण के दौरान

## लोगों के सुख-दुख में हो रहे शरीक

**प्रतापगढ़।** रामपुरखास मेरा घर है, यहां के लोग मेरे परिवार के सदस्य । हमारे पूर्वज ,नाना एंव मेरी माँ ने इस मिट्टी की खुशहाली के लिए सदैव तत्पर रहे हैं । मैं भी अपने पूर्वजों का अनुकरण करते हुए इस परिवार के प्रत्येक व्यक्ति को हर तरह से खुशहाल बनाने का करूंगा प्रयास। उक्त बांते कालाकांकर के युवराज भुवन्यू सिंह ने रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के सांगीपुर मे क्षेत्रभ्रमण के दौरान क्षेत्रवासियों से कहा, साथ ही उन्होंने पार्टीजनों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि ष्आप सभी अब अपने को मजबूत समझे। कोई आपकी गरिमा को नीचा नहीं दिखा पायेगा।आपका परिवार बहुत बड़ा है। बस इतना ही करना है कि परिवार में किसी को कोई समस्या आये तो सबको उसके लिए एक होना है। मैं सदैव आपके साथ सबसे आगे खड़ा रहूँगा।अब समय आ गया है जब रामपुरखास में भयमुक्त वातावरण बनाकर रामराज्य की स्थापना हो।युवराज भुवन्यू सिंह की गांव - गांव जाकर लोगों से मिलना और उनके सुख दुख में भागीदार बनना लोगों को अपनेपन का एहसास करा रहा है। पार्टी कार्यकताओं को साहस देकर उनके लिए सदैव खड़े रहने का उनका आश्वासन संजीवनी की तरह काम करता दिख रहा है। उन्होंने लालगंज,भुड़हा, नरायनपुर, उस्मानपुर,आदि गांवों में जाकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और क्षेत्र मे चल रहे कथाओं में शामिल हुए , साथ ही अर्जुनपुर और ऐंठु में पार्टी के कार्यक्रम में सहभाग किया।

# प्रेम प्रपंच में युवती की हत्या शव को फंदे पर लटकाया

**कंधई,प्रतापगढ़।** थाना कन्धई अंतर्गत ग्राम ताला की घटना है। स्वजातिय युवक पड़ोस की युवती में बरसों से था प्रेम संबंध था। प्रतापगढ़ भरत मिलाप देखने दोनों घर वालों को बिना बताए रात भर गायब रहे। कल जब सुबह लड़की और लड़का घर वापस आए तो लड़की के परिवार और लड़के के परिवार में जमकर वाद विवाद हुआ। मामला पंचायत तक पहुंचा प्रधान व अन्य लोगों के द्वारा फरमान सुनाया गया कि, लड़की को लड़के के घरवाले ले जाकर बाइज्जत रखें। लड़की दुखी मन से लड़के के घर जबरन भेज दी गई। लेकिन विधि के विधान को कौन टाल सकता है ।कल शाम 5रू15 बजे संदिग्ध अवस्था में लड़की का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला, लड़की के भाई और परिवार वालों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया ।और लड़की के पिता रामबरन की तहरीर पर धारा 363 366 302 प्रेमी युवक राजा उर्फ रंचू समेत पूरे परिवार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही कंधई पुलिस द्वारा की जा रही है।

## युवक ने कुंए मे लगाई छलांग, मौत

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना के पूरे गुलाबराय लक्ष्मणपुर के कन्धई का पुत्र प्रमोद 19 ने गुरूवार की सुबह कुएं मे छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। संदिग्ध परिस्थितियों मे प्रमोद की मौत को लेकर कोहराम मच गया। हालांकि परिवार के लोग मृतक का मानसिक संतुलन खराब ठहरा रहे थे। प्रमोद ने जैसे ही कुएं मे छलांग लगाई पारिवारिक जन ग्रामीणों की सहायता से आननफानन मे उसे बाहर ले आये। लेकिन तब तक युवक की सांसे थम गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए दोहपर बाद जिला अस्पताल भेजवाया।

## अवैध सम्बन्ध को लेकर हुई युवक की हत्या को लेकर दो के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** अवैध सम्बन्ध को लेकर युवक की हत्या को लेकर पुलिस ने गुरूवार को दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पथरिया गांव के पास सई नदी के किनारे एक युवक का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शव की शिनाख्त नही हो सकी थी। इस बीच हत्यारोपियो ने अपने घर पहुंचकर युवक की हत्या को लेकर कानाफूसी की तो उनके परिवार की एक महिला ने उसे सुन लिया। महिला ने इसकी सूचना युवक के पिता को भेजवा दी। तब जानकारी होने पर मृतक युवक का पिता जिला अस्पताल पहुंचा और शव की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस हरकत मे आई और कई जगह दबिश देकर कुछ संदिग्धों को उठा लिया। पूछताछ मे घटना का खुलासा मृतक के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे विवाहिता के साथ अवैध सम्बन्ध के रूप मे हो सका। गुरुवार दोपहर थाने में मृतक के पिता अजय कुमार सिंह पुत्र अलखदेव सिंह निवासी सहसा राम रोहतास बिहार ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री की शादी सलेमपुर कुंडा में हुई है। पुत्री से मिलने उसका पुत्र नीतीश कुमार सिंह आया था। पड़ोसी धर्मेन्द्र कुमार सिंह पुत्र अज्ञात की भतीजी से मृतक का अबैध सम्बंध होने के शक मे आरोपियो ने उसके पुत्र की हत्या कर दी। आरोप है कि सोमवार की रात धर्मेन्द्र कुमार सिंह व दिलीप कुमार सिंह ने धोखे से बुलाकर नीतीश की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपियो ने नीतीश के शव को सई नदी में फेंक दिया। पुलिस तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। इस संदर्भ मे एसओ उदयपुर का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही आरोपियो को हिरासत मे लेकर जेल भेजा जाएगा। हालांकि उदयपुर पुलिस हत्या मे नामजद दोनों आरोपियो को हिरासत मे लेकर पूछताछ मे जुटी बताई जाती है।

### चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे लापरवाहीपूर्वक चालक के वाहन चलाने से पति की मौत को लेकर पत्नी ने पुलिस को तहरीर सौपा है। तहरीर के आधार पर चालक के खिलाफ बुधवार की रात गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। बिहार जिले के भोजपुर थाना शाहपुर के शिवपुर गांव के निवासिनी सुशीला पाण्डेय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार अप्रैल को उसका पति रामेश्वर पाण्डेय पीलीभीत जा रहा था। नेशनल हाइवे के रायपुर तियांई के पास चालक अमजद हुसैन ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पेड मे टक्कर मार दी। इससे दुर्घटना मे उसके पति की मौत हो गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमजद के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

# ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रंगोली, चित्रकला, निबंध तथा स्लोगन व लेखन में हुई प्रतियोगिता





मिशन शक्ति के अन्तर्गत आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में शामिल छत्राएं।

**कौशाम्बी।** गुरुवार को मिशन शक्ति अभियान 2020 के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय रंगोली,चित्रकला, निबंध तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ब्लाक के नोडल अधिकारियों की देखरेख में नोडल विद्यालय जैसे कड़ा-श्री मान सिंह इंटर कालेज अलीपुर जीता,सिराथू-एस0ए0वी0 इंटर कालेज सैनी, मंझनपुर-श्री दुर्गा देवी इंटर कालेज ओसा सरसंवा-श्रीदिलीप सिंह इंटर कालेज बाकर गंज गोराजू, कौशांबी-कौशाम्बी इंटर कालेज कौशांबी, नेवादा-सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज सराय अकिल,चायल-श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज चायल, मूरतगंज-माहेश्वरी प्रसाद इंटर कालेज आलमचंद आदि 08 विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में समस्त ब्लाकों में लगभग 652 विद्यार्थियों ने भाग लिया ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को दिनांक 04.नवम्बर को तहसील स्तरीय नोडल विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। इस आशय की जानकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिया और कहा कि ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान कोविड-19 की सभी गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए विद्यालयों में सेनेटाइजेशन कराने के बाद ही प्रतियोगिता संपन्न करायी गयी। इसको देखते हुए प्रशासन और जिला पुलिस को अब थानावार संगठित अपराधियों को निरुद्ध करते हुए गैंगस्टर आरोपियों का ब्यौरा तैयार कर उनके आय के स्त्रोतों नामी और बेनामी संपत्तियों का चिट्ठा तैयार करने में जुटने की जरूरत है। संगठित अपराध करने वालों पर शासन प्रशासन को ध्यान केंद्रित करना होगा तभी जिले का संगठित आर्थिक अपराध पर विराम लग सकता है थाना पुलिस के सहारे संगठित आर्थिक अपराध पर विराम लगाने की बात सोचना बेमानी होगी।

# संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों की कमर तोड़े जाने की है जरूरत

### सैनी कोखराज मंझनपुर सराय अकिल पश्चिम शरीरा कौशांबी थाना क्षेत्र में संगठित आर्थिक अपराध कर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों के चर्चा में है नाम

**कौशाम्बी।** संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक अपराध करने वाले जिले के कई चर्चित माफिया थाना पुलिस से सांठगांठ कर आर्थिक अपराध गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 ए की कार्यवाही से बार-बार बच रहे हैं ऐसे माफियाओं को चिन्हित करना होगा और उन पर गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 ए की कार्यवाही शासन प्रशासन को करनी होगी। संगठित गिरोह बना कर आर्थिक अपराध के जरिए अकूत संपत्ति हासिल कर चुके आरोपियों पर प्रशासन को नए सिरे से शिकंजा कसने की जरूरत है संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक अपराध कर आकूत संपत्ति अर्जित करने वाले लोगों पर जिला पुलिस को कार्यवाही की पहल करनी होगी। सैनी कोखराज मंझनपुर सराय अकिल पश्चिम शरीरा कौशांबी थाना क्षेत्र में संगठित आर्थिक अपराध कर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों के नाम चर्चा में है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 ए के तहत पुलिस ऐसे अपराधियों की बेनामी संपत्ति का पता लगाये और उसे सीज करे जिन्होंने संगठित अपराध के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसके लिए संगठित गिरोह बनाकर अपराध कर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले तमाम बड़े माफिया पुलिस और प्रशासन की नजरों में अभी भी बचे हुए हैं इन्हें चिन्हित करने की जरूरत है। बढ़ते संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस और प्रशासन की ओर से नित नए हथकंडे अपनाए जाने चाहिए जिससे अपराधी समाज के सभ्य लोगो और पुलिस से दो-दो हाथ करते हुए अपराध करने से बाज आये लेकिन संगठित अपराध में लिप्त होकर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले इन माफियाओं पर थाना पुलिस मेहरबानी बनाए हुए हैं जिससे संगठित अपराध में लिप्त बड़े अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट 14 ए की कार्रवाई नहीं हो पाती है और मामूली अपराध पर गैंगेस्टर एक्ट 14 ए की कार्यवाही कर थाना पुलिस वाहवाही लूटती हैं।

चायल सर्किल क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने संगठित अपराध के जरिए सैकड़ों करोड़ की संपत्ति अर्जित की है और अभी भी संगठित अपराध कर संपत्ति अर्जित करने से बाज नहीं आ रहे है।गिरोह बना कर अपराध करने वाले ये अपराधी अब अकूत संपत्तियों के मालिक हो गए हैं। इनके पास आलीशान मकान बंगला कोठी लग्जरी गाड़ी होटल स्कूल ईंट भट्ठा डम्फर ट्रके तथा कई-कई बीघे बेशकीमती भूखंड हैं। इनमें तमाम संपत्तियां आरोपितों ने अपने करीबियों के नाम कर रखी हैं जो आर्थिक अपराध के जरिए हासिल की गई हैं।

## पुलिस पर पिटाई का आरोप, सीओ से शिकायत

**प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र मे खरगपुर गांव मे पीडिता ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया है। पीडित पक्ष ने गुरूवार को सीओ से मिलकर इलाकाई पुलिस की करतूत की शिकायत भी की है। वहीं पुलिसिया तांडव व पिटाई से परिवार के लोग भी सहमे है। पीडित परिवार के सदस्य श्यामलाल बेरिया, अखिलेश आदि ने शिकायत मे पुलिस पर अत्याचार का आरोप मढ़ा है। वहीं पुलिस से भयभीत परिवार न्याय के आस मे दर-दर भटक रहा भी रहा है। पीडित पक्ष का आरोप है कि क्षेत्रीय पुलिस द्वारा अकारण गांव पहुंचकर उन लोगों को भद्दी-भद्दी गोलियां देते हुए पिटाई करने लगी। पुलिस की पिटाई से पीडित परिवार के सदस्यो को चोटें भी आई है। इस संदर्भ मे सीओ जगमोहन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीडित परिवार ने उत्पीडन को लेकर एसपी को भी शिकायती पत्र सौंपा है। घटना को लेकर क्षेत्र मे तरह तरह की चर्चा का माहौल भी है।



ब्रमहदेव जागरण मंच की जिलाकार्यकारिणी के सदस्य

### ब्रह्मदेव जागरण मंच की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

**प्रतापगढ़।** ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से श्री बेल्हादेवी मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया ।इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष पं सत्येंद्र नारायण तिवारी ने पं0 वज्रघोष ओझा को जिला महामंत्री ,पं0 देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी,श्रीनारायण शुक्ल,घनश्याम शुक्ल ,कृष्ण कुमार पाण्डेय,सुशील तिवारी, विनोद त्रिपाठी को जिलाउपाध्यक्ष,श्रीप्रकाश दुबे ,घनश्याम पांडेय ,विनय कुमार मिश्र को जिलासंगठनमंत्री ,श्रीनारायण प्रसाद पांडेय को जिला कोषाध्यक्ष,प्रेमशंकर तिवारी को प्रचार मंत्री आचार्य आलोक मिश्र को धर्मार्थ मंत्री जय प्रकाश मिश्र को जिला प्रवक्ता जबकि राजकुमार शुक्ल आदि रहे।

### सीडीओ ने ब्लाक का किया औचक निरीक्षण, हडकंप

**प्रतापगढ़।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने गुरूवार को लक्ष्मणपुर विकासखण्ड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने ब्लाक मे आवासीय योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने योजना मे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर बीडीओ समेत मातहतो को कार्रवाई के लिए आगाह भी किया। इसके बाद सीडीओ ने अभिलेखीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौजूद बीडीओ डा. अंजूरानी वर्मा ने सीडीओ को वांछित सूचनाएं प्रदान की। सीडीओ ने गांव मे निमार्णाधीन विकास परियोजनाओं के भी औचक निरीक्षण की चेतावनी देते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर दोषियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की भी बात कही। सीडीओ के औचक निरीक्षण से ब्लाक परिसर मे हडकंप का माहौल दिखा।

# चीनी वस्तुओं का किया दहन

**प्रतापगढ़।** स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जन्मशताब्दी वर्ष 10 नवंबर 2019 से 10 नवंबर 2020 के उपलक्ष्य में स्वदेशी जागरण मंच प्रयाग विभाग पूर्वी उत्तर प्रदेश के द्वारा समाज में स्वदेशी, स्वरोजगार, समरसता, समता और बंधुता के भाव को जागृत करते हुए राष्ट्र को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के लिये जन-जागरण कर संकल्प दिलाने हेतु महात्मा बुद्ध की साधना स्थली कौशांबी से पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती 25 सितम्बर से प्रारम्भ होकर 10 नवम्बर को महर्षि भारद्वाज आश्रम प्रयागराज तक प्रस्तावित 45 दिवसीय स्वदेशी पदयात्रा कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर जनपदों के विभिन्न गांवों, बाजारों का भ्रमण कर जन-जागरण करते हुये दिलीपपुर पहुची ।उक्त यात्रा में मुख्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व स्वदेशी जागरण मंच उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड के क्षेत्रीय संगठन मन्त्री तथा विचार विभाग प्रमुख अजय जी का स्वदेशी जागरण मंच जिला कार्यसमिति सदस्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर स्वदेशी मिट्टी का गुल्लक भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया । इसके बाद बाजार भ्रमण कर लोगो को स्वदेशी सामान प्रयोग करने के लिए जागरूक किया चैराहे पर चीनी राष्ट्रपति व विदेशी वस्तुओं का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर जिला संयोजक दत्तात्रेय पांडेय प्रयागराज विभाग प्रचारक बृजेन्द्र शुक्ला अनिल पांडेय एडवोकेट धर्मेश तिवारी अंशुमान सिंह अवधेश पांडेय बाबुल पटेल अनिल पांडेय पंकज दुबे अशुल्क दास महराज बबलू पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।





स्वदेशी पदयात्रा केदौरान चीनी वस्तुओं का का किया दहन